संख्या- 2664 /15-7-05-16(03)/2005

प्रेषक,

शिव प्रकाश गुप्त,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,
शिक्षाकेन्द्र-2 समुदायकेन्द्र,
प्रीति विहार, नईदिल्ली ।

शिक्षा (7) अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 16 जून, 2005

विषय:- माडर्न पब्लिक स्कूल सिविल लाइन झाँसी को सी०बी०एस०ई० नईदिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाना ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संदर्भित विद्यालय को सी०बी०एस०ई० नईदिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने में इस राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबंधों के अधीन आपत्ति नहीं है :-

(1) विद्यालय की पंजीकृत सोसायटी का समय-समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा ।

(2) विद्यालय की प्रबंध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा।

(3) विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/जनजाति के मेधावी बच्चों के लिए सुरक्षित रहेंगे और उनसे उ०प्र०मा०शिक्षा परिषद/बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा ।

(4) संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की माँग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद अथवा बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की संबद्धता केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद/कौंसिल फार दि इण्डियन स्कूल सर्टीफिकेट इक्जामिनेशन नईदिल्ली से प्राप्त होती है तो उस परीक्षा वर्ष से उक्त केन्द्रीय परिषदों की संबद्धता प्राप्त होने की तिथि से उ०प्र०माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त मान्यता तथा राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान स्वत: समाप्त हो जायेंगे ।

Manager
Modern Public School Shiksha Samiti
JHANSI

PRINCIPAL
MODERN PUBLIC SCHOOL
JHANSI (U.P.) 284001
SCHOOL No.-70689

-----2-

﴾5﴿ संस्था के शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे।

﴾6﴿ कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनायी जायेगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों की अनुमन्य सेवा-निवृत्ति का लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे।

﴾7﴿ राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे संस्था उनका पालन करेगी।

﴾8﴿ विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र/पंजिकाओं में रखा जायेगा।

﴾9﴿ उक्त शर्तों में राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन नहीं किया जायेगा।

उक्त प्रतिबंधों का पालन करना संस्था के लिए अनिवार्य होगा और यदि किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबंधों का पालन नहीं किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी प्रकार की चूक या शिथिलता बरती जा रही है तो राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा।

भवदीय,

﴾शिव प्रकाश गुप्त﴿
संयुक्त सचिव।

पृ0सं0एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
2- मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, झाँसी।
3- जिला विद्यालय निरीक्षक, झाँसी।
4- निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5- प्रबंधक, माडर्न पब्लिक स्कूल सिविललाइन झाँसी।
6- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

﴾शिव प्रकाश गुप्त﴿
संयुक्त सचिव।

Manager
Modern Public School Shiksha Samiti
JHANSI

PRINCIPAL
MODERN PUBLIC SCHOOL
JHANSI (U.P.) 284001
SCHOOL No.-70689

उत्तर प्रदेश शासन
शिक्षा (7) अनुभाग
संख्या- 1377 /15-7-07-16(3)/2005
लखनऊः दिनांकः 10 अगस्त, 2007

<u>कार्यालय-ज्ञाप/संशोधन</u>

माडर्न पब्लिक स्कूल सिविल लाइन,झाँसी को सी0बी0एस0ई0 नईदिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र शासनादेश संख्या-2664/15-7-05-16(3)/2005 दिनांक 16-6-2005 द्वारा प्रदान किया गया था। विद्यालय द्वारा यह अवगत कराया गया है कि विद्यालय सम्प्रति कानपुर रोड,झाँसी में संचालित है। तद्नुसार विद्यालय का पता परिवर्तन का अनुरोध विद्यालय प्रबंधक द्वारा किया गया है।

2- उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में सम्यक विचारोपरान्त विद्यालय के पता परिवर्तन की अनुमति एतद्द्वारा दी जाती है। नवीन पते के अनुसार विद्यालय का नाम माडर्न पब्लिक स्कूल कानपुर रोड,झाँसी होगा।

3- अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में पूर्व निर्गत/उपर्युक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 16-6-2005 इस सीमा तक संशोधित समझा जाय। सिविल लाइन,झाँसी के पते पर उक्त विद्यालय का संचालन पूर्णतया अवैध होगा।

भवदीय,

श्याम सुन्दर अग्निहोत्री,
संयुक्त सचिव।

<u>पृ0संख्या एवं दिनांक उक्त</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- सचिव,केन्द्रीय मा0शि0परिषद शिक्षाकेन्द्र-2 समुदाय केन्द्र,प्रीति विहार,नईदिल्ली ।
2- शिक्षा निदेशक (मा0) उत्तर प्रदेश,लखनऊ।
3- संयुक्त शिक्षा निदेशक,झाँसी मण्डल,झाँसी।
4- जिला विद्यालय निरीक्षक, झाँसी ।
5- निरीक्षक,आंग्ल भारतीय विद्यालय उ0प्र0,लखनऊ ।
6- प्रबंधक, माडर्न पब्लिक स्कूल कानपुर रोड,झाँसी ।
7- गार्ड बुक ।

Manager
Modern Public School Shiksha Samiti
JHANSI

PRINCIPAL
MODERN PUBLIC SCHOOL
JHANSI (U.P.) 284001
SCHOOL No.-70689

आज्ञा से,
(सच्चिदानन्द)
उप सचिव।